हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 24 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

12 500 वर्षों का सपना पूरा हुआ हमारे युवा और बुजुर्गों का

13 शबरीनारायण का 21000 दीपों से हुआ श्रृंगार




## खबर संक्षेप

### जितेंद्र कुमार बने भटभेरा के प्रभारी सरपंच



**हिरमी-रावन।** ग्राम भटभेरा में सरपंच बेदीन बाई साहू को बर्खास्त कर उपसरपंच जितेंद्र कुमार निषाद को सरपंच का प्रभार सौंपा गया है। ज्ञात हो कि सरपंच बेदिन बाई साहू के खिलाफ पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जिसमें उन्हें सरपंच पद से हटा दिया गया। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए उपसरपंच को सरपंच का पदभार सौंपा गया है।

### मुंडा में भागवत कथा 26 से

**मुंडा।** ग्राम मुंडा में 26 जनवरी से 2 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक पंडित गौरव जोशी ग्राम नगोई बिलासपुर और परायणकर्ता विजय कुमार पांडे लवन होंगे। प्रतिदिन 8 से 10 बजे तक पूजन एवं दोपहर 1 बजे से कथा प्रारंभ होगी। आयोजनकर्ता रोशम वर्मा और बृजभूषण वर्मा ने बताया कि संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के प्रथम दिन 26 जनवरी को सुबह 10 बजे से कलश यात्रा कथा महात्मा के साथ कथा प्रारंभ होगी। 27 जनवरी को परीक्षित जन्म 28 को प्रहलाद चरित्र 29 को रामलीला कृष्ण जन्मोत्सव, 30 को गोवर्धन लीला, 31 को रुक्मणी मंगल, 1 फरवरी को सुदामा चरित्र चढ़ोतरी और 2 फरवरी को तुलसी वर्षा हवन सहस्त्र धारा के साथ महाप्रसादी वितरण की जाएगी।

### कार ने स्कूटी को मारी ठोकर

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के तेंदूलोथा के पास मारुति बलेनो वाहन सीजी 07 सीएफ 8640 का चालक ने अपनी कार को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ग्राम परसुली थाना कोमाखान के घनश्याम साहू पिता जुगल किशोर साहू 82 साल के स्कूटी सीजी 04 एमइ-2430 को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोटें आई। पुलिस से आरोपी चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई में लिया है।

### दो मंजिला दुकान हुई क्षतिग्रस्त, हेल्पर को निकालने जारी रहा अभियान

# तेज रफ्तार हाईवा दुकान में घुसा, हेल्पर इंजन में फंसा, ड्राइवर को मशक्कत बाद निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/भवानीपुर

जिले के पलारी में सोमवार को तेज रफ़्तार हाइवा से एक बड़ा हादसा हो गया। हाइवा अनियंत्रित होकर एक ऑटो पाट्र्स की दुकान में जा घुसा। इस घटना से दुकान के परखच्चे उड़ गए। वहीं परिचालक को मशक्कत के बाद निकाला गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार की रात शहर के ग्राम वटगन में एक हाइवा तेज रफ़्तार से आ रहा था। स्थानीय लोगों ने किसी तरह से ड्राइवर को बाहर निकाला और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज जारी है। उसका पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है।



### 16 घंटों से फंसा है परिचालक

दुकान गिरने की वजह से हाइवा मलबे में फंसा हुआ है और परिचालक को रेस्क्यू नहीं किया जा सका है। पिछले 16 घंटो से वह अंदर ही फंसा हुआ है और उसे निकालने की कोशिश जारी है। रात में दुर्घटना होने की वजह से दुकानदार और परिवार के सदस्यों की जान बच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक झा, यातायात डीएसपी सहित पलारी थाना प्रभारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

### रेत का अवैध परिवहन

पुलिस के अनुसार ड्राइवर और हेल्पर महानदी से अवैध रेत लोड कर खेरा दतान घाट से आ रहे थे। दोनों बेमेतरा जाने के लिए निकले थे। पुलिस ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन काफी कठिन था, क्योंकि गाड़ी के आगे-पीछे करने पर दो मंजिला दुकान के पूरी तरह से धराशायी होकर हाईवा पर गिर जाने का खतरा था। इस दुर्घटना में हाईवा दुकान के 5 फीट अंदर तक घुसा है।



### दुकान बंद होने से बची जान- दुकान मालिक

बातचीत के दौरान हार्डवेयर दुकान संचालक कामदेव ने बताया कि, वैसे तो दुकान में हमेशा 2 से 4 लोग बैठे रहते हैं। लेकिन ये अच्छी बात रही कि हादसे के वक्त दुकान बंद थी, इसलिए सबकी जान बच गई।

### आये दिन होते हैं सड़क हादसे

स्थानीय लोगों ने बताया कि, तेज रफ़्तार की वजह से आये दिन कोई ना कोई सड़क हादसा होते रहता है। इस वजह से किसी ना किसी की जान जाती रहती है। हाइवे होने की वजह से वाहन तेज रफ़्तार से दौड़ते हैं और बड़े हादसे होते रहते हैं। गनीमत रही की परिवार दुकान में मौजूद नहीं था और हादसा रात में हुआ।

### दो मंजिला दुकान हाइवा पर गिरी

हाइवा के घुसते ही दुकान का हिस्सा भर भराकर हाइवा पर ही गिर गया, जिससे गाड़ी मलबे में दब गई। वहीं सड़क पर चल रहे लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पलारी पुलिस को दी। मौके पर तत्काल पलारी पुलिस पहुंची। 12 घंटे के बाद भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और हेल्पर को निकालने की कोशिश की जा रही है।

# कुकदा के लिए 150 आवास स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम पंचायत कुकदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में केंद्र की मोदी की सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में डिजिटल प्लेटफॉर्म टीवी में विस्तार से बताया गया। इन योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों के अनुभव मेरी कहानी मेरी जुबानी के रूप में सुना गया।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ट नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता रामनारायण वर्मा ने कहा कि मोदी की गारंटी योजना के तहत लोगों का हर सपना साकार हो रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही मोदी की गारंटी पर अमल शुरू हो गया है। 21 क्विंटल धान खरीदी, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस, 2 साल का बोनस दिया गया है तथा बहुत जल्द 3100 रुपये धान की कीमत का अंतर राशि सबके खाते में आयेंगे। कुकदा जैसे छोटे ग्राम में करीब 150 आवास स्वीकृत हुए है , जो पिछले कई सालों में नहीं हुआ था। डबल इंजन की सरकार आपसे किये हर वादे यानेकी मोदी की गारंटी पूरी होगी।स्वयं किसान समृद्धि योजना से नियमित लाभान्वित होने की भी बात कही।

- विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए ग्रामीण और केंद्रीय योजनाओं से हुए रुबरु

ग्राम पंचायत कुकदा के सरपंच हीरासिंह खंडेलवाल ने केंद्र व राज्य सरकार के योजनाओं से लाभ लेने की अपील की तथा जानकारी दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्थानीय जनपद सदस्य तुलसीराम डहरिया, पूर्व सरपंच अगस्तदास मानिकपुरी, वरिष्ट भाजपा नेता घनश्याम वर्मा, सचिव तुलेश्वर वर्मा, पंच प्रियकांत खंडेलवाल, देवनारायण घृतलहरे, कन्हैया यादव, सुजवा दास, मोहरदास रोजगार सहायक राजेन्द्र मार्कण्डेय, संकुल के सभी ▶▶ शेष पेज 12 पर

# बारिश से नहीं हो सकी धान की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

अंचल में मंगलवार को भारी बारिश के कारण धान खरीदी बंद रही। कार्यालय ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सुहेला के लिए 40 किसानों का टोकन कटा था जो की लगभग क्विटंल 1559.60 था, जिसकी सूची कार्यालय पटल पर चस्पा की गई। समिति के प्रबंधक शिवदास ने बताया कि लगभग 3900 बोरी धान का खरीदी होना था, परंतु भारी बारिश के कारण नहीं हो पाया है। 23 जनवरी को जिनका टोकन कटा उनकी खरीदी 31 जनवरी को होगी। शासन द्वारा धान खरीदी की अंतिम तारीख 31 जनवरी है। भारी बारिश से किसान वर्ग परेशान रहे। मंगलवार को ट्रैक्टर में धान भरकर किसान खरीदी केंद्र पहुंचे लेकिन खरीदी बंद होने कारण उन्हें वापस जाना पड़ा।

### सुबह से ही उचित मूल्य की दुकानों में लगा रहा तांता

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड महाभियान विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। मंगलवार को सुबह से ही बरसते पानी के बीच आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुबह से ही शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिले में चल रहे विशेष शिविर का जायजा लेने कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने आधा दर्जन से अधिक स्थलों का निरीक्षण कर लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम भरसेली, अर्जुनी, मुंडा, लाहोद, लवन नगर, भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत भाटापारा नगर के गांधी चौक, हथनीपारा, ग्राम तरेंगा सहित सिमगा विकासखण्ड के ग्राम रोहरा, विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम छरछेद, ग्राम सेल में पहुंचकर शिविर का जायजा लेकर आने वाले लोगों का उत्साहवर्धन किया।

- कलेक्टर–एसपी ने आधे दर्जन से अधिक स्थलों का निरीक्षण कर लिया जायजा



गौरतलब है कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के सभी व्यक्तियों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड महा अभियान के नाम से 23 एवं 24 जनवरी को विशेषन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले के अधिक से अधिक व्यक्तियों क ▶▶ शेष पेज 12 परे

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

### मुंडा में श्रीराम प्रतिमा की घट स्थापना हुई

**मुंडा।** ग्राम मुंडा के मेन रोड स्थित यशवंत गुरुजी के यहां 22 जनवरी को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र की मूर्ति की घट स्थापना की गई। इस अवसार पर लोग भक्ति भाव से डूबे रहे। वहीं अपने–अपने घर आंगन में रंग बिरंगी फूलों की आकृति से बनी रंगोली आने जाने वालों की मन मोह ले रही थी। दिनभर रामभक्त श्रीराम का जयकारा लगाते रहे। शाम होते ही दीपावली की तरह दीप प्रज्ज्वलित कर पटाखे फोड़ते हुए श्री रामचंद्र की पूजा अर्चना की और प्रसाद वितरण किया। इसमें सम्मिलित पूर्व प्रधान पाठक कार्तिक राम साहू, यशवंत साहू गुरुजी, कमलाबाई साहू, किशोर साहू, वेद साहू सहित मोहल्लावासी शामिल हुए।





## खबर संक्षेप



### बे मौसम बारिश से बढ़ी ठंड

**मुंडा।** ग्राम सहित आसपास क्षेत्र में मंगलवार को सुबह से लगातार रिमझिम बारिश होते रही। रिमझिम बारिश के चलते लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। बारिश के चलते शीतलहर ठंड से बचने लोग जगह–जगह अलावा जला रहे थे।

### कारसेवकों का हुआ सम्मान



**खरोरा।** अपने प्राण का त्याग करने के उद्देश्य से श्रीराम के प्रति अपना आस्था रखने वाले कार सेवक सर्वश्री पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर के प्रप्रोत्र सुमित सिंह, नारायण सिंह, तोपसिंह चक्रधारी, चंद्रिका यादव, भूपेंद्र सिंह, स्व. श्यामलाल धिवर के प्रपोत्र शिवराज धिवर, राजकुमार सिंह का भगवा गमछा, श्रीफल से सम्मान किया गया गया। सम्मान में ग्रामवासी कलश यात्रा लेकर गुड़ी (महाराणा चौक) तक आये। युवा, मातृ शक्ति सहित वरिष्ठजनों में उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने कहा कार सेवकों का समान हर ग्राम में होना चाहिए। यह अपील कार सेवक राजकुमार ठाकुर ने की। कार्यक्रम में संजय, आशीष धिवर, किशन, उमेश्वर, उदेसिन्हा, गुलशन सिन्हा, रितेश, गोपाल, भरत धीवर, मोहित यादव सहित युवा शक्ति, मातृ शक्ति की विशेष भूमिका रही।

### बालिका रजनी ने किया बैंक आफ इंडिया सारंगढ़ शाखा का शुभारंभ



**भटगांव।** कलेक्टर केएल चौहान के पहल पर प्री मैट्रिक छात्रावास बिलाईगढ़ की बालिका रजनी बरिका के हाथों बैंक ऑफ इंडिया के सारंगढ़ शाखा का शुभारंभ हुआ। बालिका रजनी ने बैंक के शुभारंभ करने पर खुशी जताई। कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि इस बैंक के शाखा खुलने से जिले के नागरिकों को बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर प्रांजल दिव्यांग स्कूल के बच्चों ने सुस्वागतम का नृत्य प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने दिव्यांग बच्चों के नृत्य की सराहना की। बैंक अधिकारियों ने बैंक की विस्तृत जानकारी दी। शुभारंभ अवसर पर परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, एसडीएम सारंगढ़ श्री वासु जैन, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आशीष बैनर्जी, श्रेया शुक्ला एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अपराधियों पर कार्रवाई करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

# अपराधियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अपराध समीक्षा बैठक ली गई। इसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडावार लंबित अपराध, चालान, शिकायतों, धारा 363 भादवि, आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपराधियों की पहचान आदि में सीसीटीवी कैमरा की उपयोगिता को बताते हुए थाना एवं चौकी क्षेत्र अंतर्गत सभी मार्ग एवं स्थानों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया। दीपक कुमार झा द्वारा विशेष रूप से ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम बालक-बालिका की खोजबीन में और तेजी लाने को कहा गया है, जहां आवश्यकता हो वहां टीम बनाकर तुरंत जिले अथवा राज्य से बाहर टीम को भेजकर गुम बालक-बालिका की पतासाजी करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असंवैधानिक तत्वों पर कार्रवाई और तेज करने हेतु हिदायत दी।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार डीजे, मोडिफाइड साइलेंसर एवं ध्वनि प्रदूषण करने वाले अन्य तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य रुप से अनुज कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी गण, पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

इस दौरान बेहतर पुलिसिंग, अपराधियों की धरपकड़, गंभीर मामलों में उत्कृष्ट विवेचना पश्चात आरोपियों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जिसमें ग्राम रोहांसी उठाईगिरी प्रकरण का निकाल, कर आरोपियों की गिरफ्तारी

थाना पलारी से निरीक्षक शशांक सिंह थाना प्रभारी पलारी, प्रधान आरक्षक 63 अरशद खान, प्रधान आरक्षक 77 नवीन कुर्रे।

चोरी के प्रकरणों में निकाल के संबंध में उल्लेखनीय कार्य थाना भाटापारा ग्रामीण से प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण सुशंता लकड़ा, सहायक उप निरीक्षक संजीव सिंह, आरक्षक 593 गौरी शंकर कश्यप और आरक्षक 772 कृष्णा जांगड़े।

बलौदाबाजार जिला मुख्यालय अंतर्गत सिलसिलेवार चोरी के बड़े प्रकरणों का निकाल थाना सिटी कोतवाली से निरीक्षक अमित तिवारी थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, प्रधान आरक्षक 143 अंजोर मांझी , आरक्षक 639 यशवंत यादव, आरक्षक 279 मोहन मेश्राम और आरक्षक 134 देवलाल निराला।

अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी की रोकथाम एवं गांजा तस्करों की गिरफ्तारीथाना गिधौरी से निरीक्षक के.सी. दास थाना प्रभारी गिधौरी, प्रधान आरक्षक 66 नरेश खूंटे, आरक्षक 662 सुजीत तंबोली और आरक्षक 713 रामलाल कैवर्त। चोरी के प्रकरणों के निकाल में उल्लेखनीय कार्य सायबर सेल बलौदाबाजार से निरीक्षक लखेश केंवट प्रभारी साइबर सेल, आरक्षक 263 हेमंत नायक, आरक्षक 973 अजय यादव। चोरी के प्रकरणों के निकाल में उल्लेखनीय कार्य निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी सुहेला और प्रधान आरक्षक 110 धनंजय यादव थाना लवन शामिल हैं।

# कॉलेज के छात्रों ने लगाया शिविर और दिया स्वच्छता का संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर कैंप लगाया गया। इसमें मुख्य अतिथि सरपंच दिनेश्वर यादव ग्राम कोसमसरा द्वारा सभी स्वयंसेवक का आभार प्रकट किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक एसके श्रीवास द्वारा था पुनः कैंप लगाने के लिए आग्रह किया जिसमे उपस्थित प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक लीलावती, उपस्थित थे जिसमे सभी सम्माननीय स्वयंसेवक की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ बधाई दिया, सभी स्वयंसेवकों को समाज में शिक्षा, स्वच्छता, नशामुक्त ग्राम, भदेभाव, छुवाछुत, जागरूकता के माध्यम से समाज में नशा के प्रति गांव में जागरूकता रैली, लेखन, पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रेरित किया। साथ ही साथ समाज में युवा वर्ग को अग्रसर बढ़ाने के उद्देश्य से मार्गदर्शित्त किया। सभी स्कूल के शिक्षकों द्वारा मेडल शॉल से सम्मानित किया गया। इसमें उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी व्ही टंडन द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त



किया तथा पुनः कैंप में आने के लिए स्वागत किया, जिसमें उपस्थित, महाविद्यालय के प्राध्यापिका सीमा श्रीवास, तिर्की, वरिष्ट प्रध्यापक केके देवांगन, एचके पटेल, राकेश रत्नाकर, शिविर संगठक सूरज यादव, वरिष्ट स्वयंसेवक अभिषेक नवरंगे, प्रीतम जायसवाल, दलनायक रमन मिरी, ऋतिक सेन, मीनाक्षी बैरागी, फुलेश्वरी बंजारे, रुकमनी पंकज, स्वयंसेवक आदित्य पंकज, आदित्य कोयल, समीर कोसरिया, अलका पैकरा, विनिता, अंजनी, फुलेस्वरी, दीक्षा, बिंदु, दुर्गेश कुमार, सभापति, दीपांशु दीनानाथ, देवनारायण, कृष्णा, अजय, लोकेश, लाकेसवर, अनीश, अजय, साक्षी, हरीश, विशाल, कुसुम, साक्षी, विनिता, धानी, हरीश, बिटावन एवं सभी स्वंसेवक उपस्थित थे।

# कृषि विवि के स्थापना दिवस पर अनुसंधान केंद्र में हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 38वें स्थापना दिवस पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषक संगोष्ठी का कार्यक्रम डॉ. एच एल सोनबोइर, अधिष्ठाता दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय की अध्यक्षता में हुआ। अधिष्ठाता ने बताया कि सन् 1903 में सबसे पहले रायपुर के लाभांडीह में अनुदेशक प्रक्षेत्र की स्थापना हुई थी। डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान




केंद्र भाटापारा ने बताया कि सन 1987 में केवल एकमात्र कृषि महाविद्यालय रायपुर में था और जोनल अनुदेशक प्रक्षेत्र जगदलपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर व रायपुर में था। 38 वर्ष के बाद अब 35 से ज्यादा कृषि महाविद्यालय छत्तीसगढ़ प्रदेश में है। प्रध्यापक डॉ. राजेश साहू ने बताया कि सन् 1987 के पहले कृषि महाविद्यालय रायपुर, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत सम्मिलित था। कृषक संगोष्ठी के साथ-साथ इंदिरा गांधी किसी विश्वविद्यालय रायपुर के स्थापना दिवस समारोह में भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए जुड़कर उपराष्ट्रपति भारत जगदीप धनखड़, राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कृषक संगोष्ठी में डॉ. चेनेस पटेल व डॉ. दीपिका साहू ने क्रमशः फसल कीट पतंग व मृदा स्वास्थ्य विषय में किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. केके पांडे व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. देवेंद्र उपाध्याय द्वारा किया गया। कुल 80 किसानों के साथ महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

# सशिमं में पूर्व छात्रों का सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जन्म जयंती पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकनाथ साहू थे।



विशेष अतिथि फूलबाई साहू, अध्यक्षता प्राचार्य अश्वनी पाटकर, संयोजक लोमश देवांगन थे। अतिथियों का परिचय प्राचार्य द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की महत्त बताते हुए सभी पूर्व छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षा और संस्कार का ही परिणाम है कि अध्यापन कार्य पूर्ण हो जाने के बाद भी हम सब भवनात्मक रूप से विद्यालय से जुड़े हुए हैं। हम वर्तमान में जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। वहीं रहते हुए भी हम प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से विद्यालय के विकास में सतत योगदान करते रहे। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व आचार्य चेतन प्रसाद द्विवेदी, अशोक देवांगन, अहुति शर्मा, प्राची शर्मा, शिनु देवांगन, वासु कन्नौजे, अन्नपूर्णा तिवारी का सम्मान अतिथियों द्वारा प्रतिक चिन्ह प्रदान कर किया गया। इस कार्यक्रम में 25 छा। और 20 छात्राओं सहित 45 पूर्वछात्र उपस्थित हुए। कार्यक्रम में पूर्व छात्र प्रमुख दमयंती डडसेन के मार्गदर्शन हुआ।

### कलेक्टर से मिली प्री मैट्रिक छात्रावास की बालिकाएं

**बिलाईगढ़।** कलेक्टर केएल चौहान ने विगत पाक्षिक में प्री मैट्रिक छात्रावास बिलाईगढ़ का निरीक्षण किया था। इस दौरान बच्चों की जिज्ञासा अनुरूप कलेक्टर के जिला मुख्यालय भ्रमण आव्हान पर बालिकाएं मंगलवार को श्री चौहान से उनके कक्ष में मिले। बच्चों ने कलेक्टर श्री चौहान से इस पद तक पहुंचने के संघर्ष और कौन सा विषय लेकर पढ़ाई की, इसके बारे में प्रश्न की। कलेक्टर श्री चौहान ने बच्चों को बताया कि वे बायो से बीएससी, एमएससी, एमफिल तक की शिक्षा प्राप्त की। ग्रामीण परिवेश में प्राप्त बुनियादी सुविधा से उन्होंने पढ़ाई की। कलेक्टर ने बच्चों को उत्कृष्ट ढंग से पढ़ाई कर और गणित पर ज्यादा फोकस कर पढ़ाई करते हुए मोबाइल और टीवी सीरियल से दूर रहकर जीवन में आत्मनिर्भर होकर बेहतरीन कैरियर निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया। बालिकाओं ने कलेक्टर श्री चौहान के जिला मुख्यालय अवलोकन के पहल की सराहना की। एक बालिका ने देशभक्ति गीत का गायन की। बच्चों ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बाल फिल्म का अवलोकन किया। दोपहर भोजन करने के बाद बच्चों ने एसपी कार्यालय का अवलोकन किया। कलेक्टर से मुलाकात के दौरान परियोजना निदेशक पंचायत श्री हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आशीष बैनर्जी उपस्थित थे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद मूर्ति का शिवरतन ने किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा परिसर में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के पेंशनरों द्वारा भारत माता के अमर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा बनाई गई, जिसका अनावरण सुभाष जयंती को शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर प्रशांत गांधी पूर्व अध्यक्ष जन भागीदारी समिति, रघुनाथ प्रसाद पटेल अध्यक्ष, दिलीप सिंह बिसेन, नारायण साहू, आरके वर्मा, कमल नारायण यदु, प्रकाश जाधव, रमेश कुमार वर्मा, देवलाल बघमार, प्रेम रतन शर्मा, सुश्री सुशीला वर्मा, पुनीत राम सेन, अशोक पंत एवं वीणा साहू आदि उपस्थित रहे। इस पुनीत अवसर पर शिवरतन शर्मा ने सुभाष जयंती पर भारत माता एवं उनके अमर सपूत सुभाष चंद्र बोस को नमन करते उपस्थित जनों को बधाई दी और कहा पेंशनरों द्वारा उम्र के इस पड़ाव में भी इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहने की सराहना की। वर्षा के कारण बाकी का कार्यक्रम सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर, प्रांतीय महासचिव रतनलाल केवर्त अकलतरा एवं डीएस बिसेन प्रांतीय उपाध्यक्ष के अतिथ्य में प्रारंभ हुआ। अतिथियों के स्वागत उपरांत नगर के साहित्यकार अजय साहू, अमृतांशु एवं दीपक



मिश्रा द्वारा सुभाष चंद्र बोस पर कविता पाठ किया। अजय साहू ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापना के लिए पेंशनरों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरे नगर में सुभाष की प्रतिमा स्थापना पर किसी का ध्यान नहीं गया। बुजुर्ग पेंशनर इसके लिए वंदन और अभिनंदन के पात्र हैं। सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा अनावरण एवं जयंती के अवसर पर पेंशनरों द्वारा मूर्ति निर्माण में सहयोग के लिए झुमुक लाल शुक्ला पेंशनर, अन्य सहयोग के लिए कमल नारायण यदु पेंशनर, सुनील कुमार दुबे, सत्येंद्र सिंह बाघे, दिनेश कुमार शर्मा, लक्ष्मी वर्मा के साथ मूर्तिकार कमलेश यादव, पूर्व सैनिक मंसाराम कुंजाम एवं नारायण साहू का रामचरितमानस एवं श्रीराम दुपट्टा प्रदान कर सम्मान किया गया।

निरंतर रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करते रहने के लिए झूमुक लाल शुक्ला जी के द्वारा अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल एवं दिलीप सिंह बिसेन का श्रीफल शाल से सम्मान किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर एवं महासचिव रतनलाल केवर्त ने तहसील शाखा भाटापारा द्वारा निरंतर रचनात्मक एवं संघ हित में कार्य करते रहने की प्रशंसा करते हुए सब के स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आरके वर्मा उपाध्यक्ष ने किया। अंत में अतिथियों को भी श्री रामचरितमानस एवं श्री राम दुपट्टा भेंट कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## पेज 11 के शेष

### कुकदा के लिए ...

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनें, समस्त स्व सहायता समूह अध्यक्ष तथा शासन स्तर से महिला बाल विकास, स्वाथ्य विभाग,आवास शाखा, खाद्य शाखा, राजस्व विभाग,पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं अन्य शासकीय विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित होकर विभागवार स्टाल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन तथा उनके लाभों के बारे में ग्रामवासियों को बताया व इस संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में कैलेंडर का विमोचन किया गया तथा उपस्थित ग्रामवासियों को कर्तव्य निर्वहन की संकल्प शपथ दिलाई गई।स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिन्हें अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

संकल्प यात्रा में मुख्य रूप से डीईओ एसके टंडन एवं जनपद पंचायत व अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### आयुष्मान कार्ड बनाने...

स्मार्ट कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि निःशुल्क सुविधा का लाभ मिल सके। शिविर का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों एवं नगर पालिक परिषद् में स्थित शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों में सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। इसके लिए जिले में आज और कल 500 से अधिक शासकीय उचित मूल्य राशन दुकानों में आयुष्मान कार्ड बनाएं जा रहे।

**2500 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी:** इसके लिए विभिन्न विभागों के 2500 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं।

आमजन अधिक से अधिक पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड सकते हैं। आयुष्मान कार्ड के तहत एपीएल परिवारों को 50 हजार रूपये एवं बीपीएल परिवारों को 5 लाख रूपये तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिलती है। निरीक्षण के दौरान खाद्य अधिकारी विमल दुबे, एसडीएम भाटापारा नितिन तिवारी, बलौदाबाजार खाद्य निरीक्षण अमित शुक्ला,भाटापारा लक्ष्मण कश्यप सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# 500 वर्षों का सपना पूरा हुआ हमारे युवा और बुजुर्गों का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

500 वर्षों की इंतजार के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने की खुशी में बलौदाबाजार शहर की ह्दय स्थल गार्डन चौक में भाजपा नेता व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के सौजन्य से प्रभु श्री राम की भव्य माहाआरती व आतिशबाजी के महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसका नगरवासियो ने भरपूर आनंद लिया और प्रभु श्री राम की जयकारे के साथ खुशी में भाव विभोर दिखे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथी मंत्री खेल एवं युवा कल्याण राजस्व आपदा प्रबधन टंकराम वर्मा, आरएसएस से शालीन साहू, राघवेन्द्र बघमार, यज्ञ समिति से अभिषेक तिवारी, बाबा केशरवानी विनय गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, विजय केशरवानी, खोड़स कश्यप, राजेश वर्मा, संजु पटेल, डॉ. के. के. साहू, रजनी केशरवानी, नीलम सोनी, चेबर ऑफ कामर्स के जुगल भट्ट, इन्द्र कुमार जैन, श्याम केशरवानी कैलाश सोनी, दिलीप सर्राफ, रमेश केडिया, दिनेश जैन, रमेश जैन, राजु गुप्ता, कमलेश विश्नोई, केके वर्मा, नवनीत अग्रवाल, रोहित साहू पार्षद, संजय केशरवानी, अनिल गुप्ता, नरेश केशरवानी, चंद्रपाल हरिमानी, रॉकी यादव, अजय गर्ग, वाशु ठाकुर, ध्यानु गुप्ता तथा भाजपा के सैकड़ों कार्याकर्ता के साथ नगर वासियों के अलावा भारी संख्या में महिलाएं बच्चे छात्र छात्राएं उपस्थित थे। मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि 500 वर्षो के अथक प्रयास से एवं हमारे बुजुर्गो की त्याग तपश्या व बलिदान तथा कारसेवकों के अथक प्रयास के साथ ही हम देश के प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के सार्थक प्रयास से प्रभु श्री राम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। अशोक जैन ने कहा कि प्रभु श्रीराम के नाम लेने से जीवन सफल हो जाता है व प्रभु आज अयोध्या मे विराजमान हुए है। जिनका आज प्राण प्रतिष्ठा संम्पन्न हुआ।

▪ भगवान श्रीराम की महा आरती में शामिल हुए मंत्री टंकराम



### श्री सीमेंट टाउनशिप में सुन्दरकांड एवं भजन का आयोजन





बलौदाबाजार। अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में प्रभू श्रीराम जी के प्राण–प्रतिष्ठा के अवसर पर देशभर में रामभक्ति से संबंधित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में ग्राम भरूवाडीह बलौदाबाजार में स्थित श्री सीमेंट आवासीय कालोनी में भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा, सुन्दरकांड का पाठ एवं भजन इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे समस्त कालोनीवासियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।प्रभू श्रीराम की शोभायात्रा में बांगड़ पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा झांकी प्रस्तुत की गई। रामदरबार में प्रभू श्रीराम के साथ माता सीता, भ्राता लक्ष्मण एवं भक्त हनुमान का चित्रण बड़ी ही संजीदगी के साथ किया गया, जो शोभायात्रा के आर्कषण का केंन्द्र बना रहा। शोभायात्रा के उपरांत सभी भक्तजन कालोनी स्थित प्रेक्षागृह पहुंचे, जहां सुन्दरकांड एवं भजन का आयोजन किया गया था। बिलासपुर से पधारी भजनमंडली के कलाकारों द्वारा सुन्दरकांड पाठ एवं विविध भजन प्रस्तुत किया गया, इस दौरान पूरा वातावरण राममय हो गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लस्टरहेड मनोजकुमार श्रीवास्तव एवं जनलेडिजक्लब की उपाध्यक्षा रितुश्रीवास्तव, टेक्निकलहेड विजय कुमार अग्रवाल, स्टाफक्लब के सचिव अक्षय जैनने दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर मनोजकुमार श्रीवास्तव ने बड़ी संख्या में उपस्थित कालोनीवासियों को संबोधित करते हुए शुभकामनायें दी एवं प्रभू श्रीराम के पदचिन्हों पर चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान रितु श्रीवास्तव ने भजन प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर सभी भक्तगण मंत्रमुग्ध हो गये। कार्यक्रम के समापन में अक्षय जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबर संक्षेप



### मंदिर निर्माण के संघर्ष को किया याद

**रायपुर।** प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर शहरभर में सोमवार को शोभायात्रा निकाली गई। इसी दौरान राम मंदिर के निर्माण के संघर्षों को याद करते हुए बताया कि जब प्रभु राम के मंदिर का भूमिपूजन अयोध्या में 5 अगस्त 2020 को किया गया था, जब देश की अधिकांश जगहों पर कोरोना के कारण लॉकडाउन था, उस समय भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय रायपुर के सामने विवेक डागा ने 11000 दीयों से प्रभु जय श्रीराम के नाम से प्रज्ज्वलित किए थे।

### निगम ने तालाबों पर 10 लाख दीप जलवाए



**रायपुर।** अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद दिन ढलते ही राजधानी रायपुर के 100 से ज्यादा तालाबों पर रामभक्तों ने दीप प्रज्जवलित कर इस दिन को और यादगार बना दिया। जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम ने एनजीओ के साथ मिलकर शहर के 100 से भी अधिक तालाबों में 10 लाख से भी अधिक दीए जलाने का लक्ष्य रखा था। इसके तहत नगर निगम ने एनजीओ के माध्यम से आम लोगों को वितरित करने के साथ तालाबों में उन्हें प्रज्जवलित कराया।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 4 बच्चे हुए चयनित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के अनेक सदस्यों की सक्रियता द्वारा राज्य वीरता पुरस्कार-2023 के लिए छत्तीसगढ़ शासन को प्रकरण भेजा गया, जिस पर राज्य वीरता पुरस्कार-2023 के लिए चयनित किया गया है। चयनित हुए 4 बच्चों में प्रेमचंद साहू (9), लोकेश साहू (13) दोनों निवासी ग्राम रामपुर (चंपारण) जिला रायपुर ने तालाब में डूबते हुए बालक पुष्पेंद्र साहू की जान बचाई। अर्नव सिंह (16) ग्राम उदयपुर, अंबिकापुर जिला सरगुजा ने आगजनी होने की सूचना प्रशासन को दी और चौकीदार राहुल एवं सोते हुए 3 अन्य लोगों की जान बचाई। मूक, बधिर, दिव्यांग बालक ओम उपाध्याय (16) कोहका भिलाई जिला दुर्ग ने कुत्तों के झुंड से एक बच्चे की जान बचाई। परिषद के संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम ने बताया कि चयनित होने पर सभी को बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### व्यापारी संघ ने शिक्षक शर्मा का किया सम्मान



**रायपुर।** भाठागांव व्यापारी संघ ने सोमवार को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी शिक्षक बिहारीलाल शर्मा का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया। वे नगरमाता बिन्नी बाई सोनकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भाठागांव में पदस्थ हैं। साथ ही निर्धन छात्र-छात्राओं की स्कूल फीस भी जमा करते हैं। इसके अलावा बच्चों की ज्ञान में वृद्धि के लिए प्रतिवर्ष शिक्षक, रायपुर शहर के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थल जैसे पुरखौती मुक्तांगन, नंदनवन, जंगल सफारी, राम मंदिर, साइंस सेंटर एवं अन्य पर्यटन स्थल का भ्रमण अपने स्वयं के व्यय से कराते हैं। गर्मी की छुट्टियों में पढ़ाई-लिखाई में कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए अध्यापन भी कराते हैं।

---

नगर के सभी मंदिरों में साज सज्जा एवं प्रसाद का वितरण किया गया, सप्ताहभर चला रामनाम कीर्तन-भजन

# शबरीनारायण का 21000 दीपों से हुआ श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



जब मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, तब से सभी शबरी नारायण के वासियों ने श्रीराम मंदिर निर्माण की राशि लगभग 30 लाख से अधिक ट्रस्ट को सौंप दी। इसके बाद मंदिर निर्माण जब आज पूरा हो चुका है, अक्षत कलश अयोध्या से जो कि निमंत्रण के रूप में आया था उसे शिवरीनारायण के सभी घर-घर तक पहुंचाना साथ ही 15 जनवरी से सुबह 6 बजे नगर में संकीर्तन हरे राम सियाराम की गूंज पूरे 1 सप्ताह तक चली। रंगोली से घाटों और घरों को सजाया गया। एक साथ सभी वर्ग की महिलाओं द्वारा दीपदान से नगर के सभी प्रमुख घाटों से एवं रात्रि में रामलीला का मंचन किया गया। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर सुबह प्रभात फेरी के बाद नगर के सभी लगभग 25 से 30 मंदिरों में साज सज्जा एवं प्रसाद का वितरण करने की जिम्मेदारी सभी नगरवासियों ने ली। सभी मंदिरों की साफ सफाई की गई थी। गुरुरूपी हनुमानजी महाराज के मंदिर में एलईडी स्क्रीन लगाकर पूरे महोत्सव को लाइव देखा गया एवं भव्य होली का भी कार्यक्रम किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। नगरवासियों ने मिलकर लगभग 25 से 30 छोटे बड़े सभी मंदिरों में प्रसाद की तैयारी की एवं सभी जगह प्रसाद को पहुंचाया। दोपहर 3 बजे से भव्य शोभायात्रा जो कि मेरठ यूपी से आए हुए झांकी एवं देश के विभिन्न स्थानों से आए हुए लोगों के द्वारा करमा कीर्तन पार्टी, बड़े-बड़े डीजे, जिसका उत्साह देखते ही बन रहा था।

**कार्यक्रम में लगभग 10 हजार लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया**

### आकाश में छोड़े गए गुब्बारे के दीप

7 बजे शबरी सेतु के समीप श्रीराम की बड़ी प्रतिमा के समक्ष महाआरती की गई। महानदी की मां गंगा आरती के तर्ज पर आरती की गई। 7.31 बजे एक हजार से अधिक आकाश दिए आसमान में छोड़े गए। नगर के कार सेवक जो कि विवादित ढांचा को गिराने के लिए 1990-92 में गए थे, उनका सम्मान किया गया। रात 8 बजे भव्य आतिशबाजी की गई। नगर के बच्चों ने स्टेज शो में कई कार्यक्रम दिए। नगर की बेटी कावेरी खैरागढ़ ग्रुप एवं राजलक्ष्मी सहित नगर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके बाद इंडिया गॉट टैलेंट सोनी टीवी में अपना कार्यक्रम दे चुके अघोरी बाबा जो उज्जैन बाबा महाकाल की धरती से आए हुए थे, उनका कार्यक्रम हुआ।

### रामवन गमन पथ पर हुआ महा भंडारा

पूरे कार्यक्रम के दौरान राम वन पथ गमन पर नगरवासी सहित क्षेत्रवासी हजारों की संख्या में उपस्थित थे। नगर के ठाकुर देव मंदिर, बड़े मंदिर एवं कई और मंदिरों में दोपहर में महा भंडारा किया गया एवं रात्रि में नगरवासियों ने मिलकर रामवन गमन पथ पर भव्य महा भंडारा किया, जिसमें लगभग 10 हजार लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। सभी उम्र के बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जैसे अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्म भूमि को सजाई गया था, सभी नगर वासियों ने मिलकर वैसे ही माता शबरी की जन्म भूमि शबरी नारायण को सजाया। नगर के सभी प्रमुख चौक में लाइटिंग की गई। भगवा रंग से पूरे चारों ओर प्रभु श्रीराम का झंडा और भगवा कलर का झंडा लहरा गया। युवाओं ने गांव को रात-रात भर जाग जाग कर सजाया। कार्यक्रम के दौरान धनराशि नगर के समस्त नागरिकों ने मिलजुल के इकट्ठा की। बड़ी-बड़ी होर्डिंग्स लगाया गया। मंदिरों में लाइटिंग की गई। शबरीनारायण की समस्त महिलाओं ने मिलकर पूरे नगर का 21000 दियों से श्रृंगार किया। माता शबरी की जन्म भूमि चमक उठी और ऐसा लगा शबरी के राम आ गए। गायों के लिए दो हजार रोटियां बनाई गई, पशु पक्षी सभी को इस महोत्सव का हिस्सा बनाया गया। उक्त आयोजन से पूरा शबरी नारायण धाम राम मय रहा।



## 11 हजार दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर चौहान

**भटगांव।** कलेक्टर केएल चौहान एवं उनकी पत्नी रानी चौहान अयोध्या के मंदिर में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिवस पर सरसींवा और भटगांव में आयोजित कार्यक्रम में संध्या बेला में शामिल हुए। सरसींवा के कार्यक्रम में कलेक्टर श्री चौहान ने भगवान श्रीराम और भोलेनाथ शंकर जी का पूजन किया। इस अवसर पर सुभाष जालान, नगरवासी, व्यापारीगण सहित स्थानीय पत्रकार उपस्थित थे। भटगांव के 11 हजार दीपोत्सव कार्यक्रम में मंच पर विराजमान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण जी के वेशभूषाधारियों का कलेक्टर श्री चौहान एवं रानी चौहान ने तिलक एवं पूजा-अर्चना किया। कलेक्टर श्री चौहान ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारे जिले के लिए सौभाग्य की बात है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन भटगांव में 11 हजार दीपोत्सव का कार्यक्रम किया गया। मैं आयोजक और इस कार्यक्रम में सहभागी सभी को बधाई और धन्यवाद करता हूं। कलेक्टर ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण में संघर्ष करने वाले को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया। कलेक्टर श्री केएल चौहान एवं रानी चौहान ने दीपोत्सव स्थल में परिक्रमा की। ग्राम रोहिना के धनीराम साहू ने बताया कि भगवान श्रीराम मंदिर स्थल पर एक बंदर ने विवादित स्थल के शीर्ष को नष्ट करने का शुभारंभ किया था। इसके बाद एक भारतीय महिला ने श्रीराम के कार्य में नेतृत्व की। इस अवसर पर परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान उपस्थित थे। स्थल में अयोध्या मंदिर का नवीनतम प्रभु श्रीराम के चित्र को केन्द्र में रखकर चारों ओर दीपोत्सव किया गया। इसी प्रकार जय श्रीराम, स्वास्तिक, ओम आदि का डिजाइन कर 11 हजार दीप से परिसर में उत्सव मनाया गया।

### सुंदरकांड हुआ और शोभायात्रा निकाली

यह कार्यक्रम छोटू दादा स्टेडियम भटगांव में किया गया। सुबह 9 से 11 बजे तक 24 कुण्डीय श्रीराम महोत्सव यज्ञ, दोपहर 12 बजे से सुंदरकांड पाठ, दोपहर 2.30 बजे से भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण, शाम 5.30 बजे से राम दरबार झांकी, शाम 6 बजे से 11 हजार दीपोत्सव हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती, अयोध्या मंदिर निर्माण में योगदान देने वालों का सम्मान समारोह, मंगल भजन, मंगल भजन, प्रसाद एवं भंडारा का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के मार्गदर्शक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, आयोजक समस्त नगरवासी भटगांव, श्री गणेश डेव्लपर्स एंड कंस्ट्रक्शन भटगांव द्वारा ग्राम रोहिना निवासी मोहन और गौरी साहू, ग्राम गोरबा के आत्माराम और देव कुमारी साहू थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी गायक तुलसी राज चौहान ने मंगल भजन प्रस्तुति दिया। इस अवसर पर स्थानीय पत्रकार एवं बड़ी संख्या में प्रभु श्रीराम के अनुयायी एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## राम-लक्ष्मण, जानकी व निषाद बने बच्चे, नाव से नदी पार की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

**सिमगा।** अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य मंदिर में विराजित होने पर 22 जनवरी को अंचल में उत्सव के रूप में मनाया गया। वहीं सिमगा सहित ग्रामीण अंचल ओटगन, औरेठी, कामता, कचलोन,चौरेंगा, दामाखेड़ा, किरवई, लिमतरा, तुलसी, हथबंद आदि ग्रामों में चारों तरफ राम नाम के जाप के साथ भगवा ध्वज फहराने से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। जगह-जगह विविध कार्यक्रम आयोजित किए गये तो वहीं मंदिरों में धुमधाम के साथ पूजा पाठ कर हवन पूजन किया गया। शाम को मंदिरों व घरों में दीप प्रज्वलित कर दीपावाली मनाई गई। इस दौरान बच्चों के साथ युवा व बड़े भगवा वस्त्र धारण कर भक्ति मय संगीत व डीजे की धुन पर शोभायात्रा में झुमते हुए जय श्रीराम के नारे लगाते रहे। इससे पूरा वातावरण राममय हो गया। ग्राम ओटगन के प्राचीन राम जानकी मंदिर में रामसेवक परिवार द्वारा हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 21 जोड़ों ने सामूहिक हवन पूजन कर भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप में मनाया। वहीं भगवाधारी ग्रुप द्वारा भगवान बजरंग बली की मूर्ति की स्थापना कर 20 फीट का विशाल भगवा ध्वज फहराया। डीजे के साथ कलश यात्रा विशाल शोभायात्रा में बच्चों द्वारा राम-लक्ष्मण, जानकी व निषाद राज के वेषभूषा धारण कर नाव से नदी पार करते हुए की झांकी निकाली गयी। उक्त झांकी का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात महामाया चौक में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रात्रि में कवर्धा के मानस परिवार द्वारा रामायण की आकर्षक प्रस्तुति की गई।

■ प्राण प्रतिष्ठा पर जय श्रीराम के उदघोष से अंचल हुआ राममय



### कार सेवकों का किया गया सम्मान

1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के दौरान रामलला के मंदिर निर्माण के लिए देश से कार सेवकों का जत्था अयोध्या रवाना हुआ था। इस आंदोलन में सनातन धर्म एवं प्रभु श्रीराम के लिए अनेकों राम भक्तों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उक्त कारसेवकों में ओटगन से पंडित सीताराम शर्मा के नेतृत्व में 8 ग्रामीण भी अयोध्या गये थे, जिनमें गोवर्धन ध्रुव, सुद्धू साहू, के साथ दिवंगत हो चुके पंडित सीताराम शर्मा, राजाराम निषाद, कबिलास यादव, सुरीत यादव,बिसु राम साहू, नंदू यादव को आज याद करते हुए कार सेवकों का सम्मान शाल व श्रीफल भेंट कर सरपंच संजीता संजय दीवान एवं उपसरपंच राकेश श्रीवास द्वारा किया गया। 22 जनवरी को हुए इस कार्यक्रम में रामसेवक परिवार से विजय सोनवानी, ललित मिर्झा, उमेश साहू, रोहित यादव, भगवाधारी ग्रुप से कृष्णा निषाद, व्यास यदु नंदलाल साहू, कुलदीप निषाद का विशेष योगदान रहा।

## ग्रामीण अंचल में मनी दीपावली जमकर हुई आतिशबाजी

**हिरमी-रावन।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर ग्रामीण अंचलों में उत्सव का नजारा रहा। हिरमी, रावन, बरडीह, सकलोर, भालेसुर, भालूकोना, चितावर धाम में जयश्री राम के संदेशों से पूरा अंचल राममय हो गया। सुबह से ही मोबाइल, टीवी, म्यूजिक सिस्टम पर भगवान राम के भजन बजते रहे। सुबह से लोग व्हाट्सएप से प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं भेजने लगे। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, एक्स आदि पर राम मंदिर से जुड़ी पोस्ट पड़ना शुरू हो गईं। घर, मंदिर और संस्थानों में लोगों ने सफाई करना शुरू कर दिया। हर घर में भगवान श्रीराम की आराधना करते हुए बच्चे, बड़े-बूढ़े दिखे। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण शुरू होने का सब इंतजार करने लगे। श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर हिरमी में सुबह से ही का उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। मोहरा में जगह-जगह शोभा यात्रा निकाली गईं। प्रोजेक्ट कालोनी से निकली शोभा यात्रा में राम भजनों पर राम भक्त व महिलाएं नृत्य करते नजर आईं। नगर के हिरमी स्थित गायत्री मंदिर, हनुमान मंदिर, प्रोजेक्ट कालोनी, तक्निशियन कालोनी, नारी शक्ति संघ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अलावा चौक चौराहों पर हवन-यज्ञ किया गया। व्यापारियों द्वारा श्रीराम के चरणों में छप्पन भोग समर्पित किया। सभी जगह भंडारा के शुभारंभ पर प्रभु श्रीरामलला की पूजा की गई। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद नगर के गायत्री मंदिर में राम भक्तों ने आतिशबाजी की। भगवान श्रीराम लला की आरती कर लोगों को प्रसाद वितरण किया। इस दौरान लोगों में भारी उल्लास देखने को मिला। नगर में लगी आतिशबाजी की दुकानों से बच्चों ने खूब खरीदारी की। पूरे दिन फूलों की लड़ी बनाने में फूल विक्रेता जुटे रहे।



## दीप प्रज्ज्वलित कर पटाखे फोड़े और प्रसाद बांटी



**कसडोल।** अयोध्या भव्य राम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर भाजपा नेता जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा ने 22 जनवरी की शाम को गायत्री चौक कसडोल में प्रभु राम की मानसगान का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान समीप स्थित श्रीराम भक्त हनुमान की पंचमुखी मूर्ति की पूजा-अर्चना कर हजारों दीपक प्रज्वलित कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री श्याम बाई साहू, मंडल अध्यक्ष व कसडोल जनपद सभापति मेलाराम साहू, भाजपा महामंत्री व सरपंच रामचंद ध्रुव, जनपद सदस्य ईश्वर पटेल व भाजपा कार्यकर्ता सहित अनेक श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। वहीं पूजा पश्चात जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा ने कसडोल मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ श्री रामलला के लिए बनाये गए भोग स्वरूप खीर-पूड़ी का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरण किये एवं सभी के साथ बैठकर कर प्रभुराम की मानसगान श्रवण भी किया। प्रभु राम के गीत भी गाये। इस प्रकार प्रभु राम के कार्यक्रम नवीन मिश्रा द्वारा आयोजित करने पर क्षेत्रवासियों ने तारीफ की है। इस उत्सव के दौरान नगर जय जय श्रीराम की आवाजों से गुंजायमान रहा और जगह-जगह दीप प्रज्वलित पटाखें फोड़कर खूब आतिशीबाजी की। पूरे नगर में अयोध्या जैसा माहौल बन गया। दीपों की रौशनी से पूरा नगर जगमगा उठा और लोग रामलला की प्राणप्रतिष्ठा की एक-दूसरे से गले मिलते हुए बधाई देते हुए दिखे।

### श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली



**कसडोल।** समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में श्रीराम मंदिर निर्माण युवा समिति द्वारा 22 जनवरी सोमवार को गांव में भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं श्रीराम मंदिर निर्माण स्थल में रामायणगान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विदित हो कि अयोध्या पूरी में भगवान श्रीराम चंद्र की प्राण प्रतिष्ठा पर अंचल के सभी गांवों के चौक चौराहों, मंदिर देवालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत पिसीद के श्रीराम मंदिर निर्माण समिति द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से शोभा यात्रा निकाली गई और भगवान श्रीराम चंद्र का जय जयकार के साथ भ्रमण करते हुए मंदिर निर्माण स्थल पहुंचकर पूर्व से चल रहे राम चरित मानसगान कार्यक्रम में शामिल होकर आरती एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा : सुहेला में हुए विविध कार्यक्रम

**सुहेला।** अयोध्या में श्री रामचंद्र के स्थापना अवसर पर ग्राम व क्षेत्र में विविध कार्यक्रम किए गए। महामाया चौक में युवाओं द्वारा श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया। गायत्री मंदिर में ध्यान साधना, हवन यज्ञ, प्रसाद वितरण हुआ। बर्फनीधाम हनुमान मंदिर में प्रातः काल से यज्ञ हवन आरंभ हो गया, प्रसाद वितरण किया गया। व्यापारी समूहों द्वारा त्रिगड्डा चौक में बूंदी सेव प्रसाद वितरण किया गया। भक्ति मंडली समूह द्वारा सुंदरकांड पाठ और पूजा की गई। ग्राम के सभी चौक-चौराहों को भगवा झंडे, तोरण आदि से सजाया गया था। घरों को सुंदर झालर लाइट तथा दीपों से सजाया गया। ग्राम के युवा बाजे गाजे के साथ जयश्री राम के नारों के साथ गली भ्रमण किए। भव्य शोभा यात्रा में समस्त ग्रामवासी मिलकर निकले, जो महामाया चौक से त्रिगड्डा चौक तक शोभायात्रा निकली गई। शाम 6 बजे से सभी ग्रामवासी घर के दरवाजे पर 11 दीपक प्रज्वलित कर दरवाजे पर जय श्री राम लिखा। घर में 1 भगवा ध्वज लगाकर उत्सव मनाए। महामाया चौक में 1008 दिए प्रज्ज्वलित किए गए। जय श्रीराम नाम के दिए जगमगा उठे। सभी मंदिरों की साफ सफाई कर शाम को दीपों से सजाया गया। विभिन्न देव स्थानों में दीप प्रज्ज्वलित किए गए, जिसमें प्रमुख सतबिहीनिया माता, महामाया माता, खल्लारी माता, बावा महाराज धाम, बर्फानी हनुमान मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, शिव मंदिर, गायत्री मंदिर, जैत खाम, चुड़ेनी दाई, डूमर दाई स्थान आदि। ग्रामीणों ने घरों के दरवाजे पर रंगोली बनाएं, फटाखे फोड़े और श्रीराम की आरती किए। खीर प्रसाद वितरण किए गए। दिवाली से भी बड़ा दीपावली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम के सभी समितियों एवं संगठनों का योगदान रहा, जिसमें सतबिहीनिया माता दुर्गोत्सव समिति, राष्ट्रीय स्वयं संघ, बजरंग दल, विश्व हिंदी परिषद, ग्रामसेवा समिति, पतंजलि युवा भारत संगठन, रामायण मंडली समिति, भक्ति महिला समिति, महिला सेवा समिति कार्यक्रम को सफल बनाने समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।



## कुकदा में रामोत्सव पर्व मना



**पलारी।** ग्राम कुकदा में भव्य रामोत्सव त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर मां महामाया मंदिर में महावीर मानस मंडली, मां गायत्री महिला मानस मंडली एवं पलारी के मानस बंधु द्वारा रामायण गानः भजन व सुंदरकांड का पाठ किया गया। अयोध्या में श्रीराम लला के विराजमान होने के सुअवसर को चिरस्थायी बनाने हमारे गांव के रामायण समितियों, धर्मप्रेमियों एवं प्रबुद्धजनों के सहयोग से प्रभु श्रीराम का मंदिर बनाने आज गांव तलाब पार भूमि पूजन किया गया, जिसमें ग्राम के सरपंच हीरासिंह खंडेलवाल, रामनारायण वर्मा, मोहन वर्मा, सोनू महराज, कन्हैया यादव, सीराम यादव, उदेसिंह वर्मा, संतोष वर्मा, सेवक वर्मा, भुनेश्वर कोटवार, किरण वर्मा, रूखमणी वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, चन्द्रकला यादव, उप सरपंच पुन्नीबाई यादव, चौतीबाई वर्मा, खोरबाहरिन यादव, गब्बर यादव तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। रामोत्सव कार्यक्रम के तत्पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें टीकाराम यादव, दिलीप यादव, दिलीप ध्रुव, झाड़ूराम यादव, जित्तू, आसाराम, मनोहर दास मानिकपुरी आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजन में रामनारायण वर्मा, घनश्याम वर्मा, दिनेश वर्मा, ईश्वरी वर्मा, रूपुराम बैगा व मोहन वर्मा का सहयोग रहा। संध्या ग्राम के उत्साही युवकों की टोली ने गढ़वा बाजा के साथ भगवा ध्वज फहराते एवं आतिशबाजी करते हुए राउत नाचा के साथ ग्राम भ्रमण किया एवं साहड़ादेव की पूजा की, जिसमें गांव के युवकों के साथ महिलाओं, लड़कियों, बुजर्गों तथा बच्चों ने नाचते गाते दीपावली सा माहौल बना दिया। दिन भर पूरा गांव रामोत्सव में तल्लीन रहा एवं वातावरण राममय बना रहा तथा संध्या सभी के घर के आंगन व द्वारों में रंगोली सजाकर दीपोत्सव के प्रतीक सैकड़ों दीये जलाकर खुशियां मनाई।राउत नाच आयोजन में सूरेन्द्र, संजू, संतोष वर्मा, किशन, विक्रम फेकर, रवि ध्रुव, राजेन्द्र गुड्डा, हेमंत, गोलू, राजू यादव, पन्ना वर्मा, पूर्व सरपंच अगस्तदास मानिकपुरी, हेमू हेमकुमार, सोनसाय, सोनूध्रुव, वेदप्रकाश, पीयूषचन्द्र वर्मा, ईश्वर, भारत वर्मा आदि कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### कॉलेज में छात्रों और कर्मचारियों का हुआ सिकलिंग टेस्ट

**बलौदाबाजार**। शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस इकाई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना और जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वावधान में सिंकलिंग टेस्ट विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों का कराया गया। सिंकलिंग टेस्ट से शरीर में विकार एवं लक्षण का पता लगाने के लिए टेस्ट कराया जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स के मार्गदर्शन व विद्यार्थियों के अधिक से अधिक उपस्थिति से सफल हुआ। सिंकलिंग टेस्ट की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया।

### दिनेश केडिया बने जिला राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष



**बलौदाबाजार**। जिला के राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद हेतु दिनेश केडिया निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। इस दौरान जिले के समस्त 75 से 80 राइस मिलर्स उपस्थित थे। सभी ने सर्व सम्मति से दिनेश केडिया को अध्यक्ष पद हेतु चयन किया। बैठक में प्रमोद शर्मा भूत पूर्व विधायक, देवेन्द्र मृगु, मनोज केडिया, अजय शर्मा, चेतन मानुशाली, दयाशंकर नायक, दीपक आग्रवाल, राजकुमार सोलकी, प्रवीण केडिया, सपन केशरवानी, नरेश केडिया, तरूण केशरवानी, हेमंत चौधरी, रजत शर्मा, अजय कुमार चाद्रंक, गोपाल अग्रवाल, ईश्वर अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, असीम विसोई, संतोष केडिया, संदीप केडिया, तरूण केशरवानी, शरद मृगु, नरेश, रामनारायण केशरवानी, सुधीर नायक, संदीप अग्रवाल, योगेश पटेल, लक्ष्मेन्द्र अग्रवाल, दीनदयाल अग्रवाल, भावेश पटेल, वशे चौधरी, गोपाल केडिया, राजेश केडिया, अशुत जोतवानी, कमलेश साहू, सूरज थारानी, निखिल वर्मा, आयुष केडिया, गुरूमुख गंगवानी, राकेश मेघानी, मुकेश थारानी, रमेश कुमार साहू मौजूद थे।

### शिक्षा मंत्री अग्रवाल करेंगे ध्वजारोहण

**महासमुंद**। जिले में 26 जनवरी 2024 (गणतंत्र दिवस) को पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय महासमुंद के मुख्य समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस आशय के आदेश छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय (महानदी भवन) से सोमवार को जारी कर दिए गए हैं। जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में प्रातः 9 बजे शुरू होगा।

### श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर वन विभाग एवं जिला प्रशासन ने किया दीपोत्सव का आयोजन

# 10 हजार दीये से जगमग हुआ तुरतुरिया धाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा जिला राममय हो गया। इस ऐतिहासिक दिन का साक्षी बना श्री राम वन गमन परिपथ में शामिल लव कुश की जन्म स्थली तुरतुरिया धाम। जहां पर शाम होते ही 10 हजार श्रीराम ज्योति प्रज्वलित की गई, जिससे पूरा तुरतुरिया धाम जगमग हो गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसे विशेष दीपोत्सव का नाम दिया गया। शाम होते ही दीप जलाने के लिए आसपास के ग्रामीण एवं श्रध्दालुओं बड़ी संख्या में पहुंचने लगे। वाल्मिकी आश्रम से लेकर बालमदेही नदी एवं मातागढ़ तक दीपक जलाए गए। इसके साथ ही प्रवेश द्वार, आईसीटी सेंटर, पार्किंग स्थल, गार्डन एवं अन्य स्थलों में दीपक सहित रंगबिरंगी लाइटों से पूरे स्थल को रोशनी से सजाया गया। इस मौके पर लोगों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई ग्रामीणों ने तो घर से ही दीपक सजाकर लाये थे।

### कला जत्था ने श्रीराम पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया

इस अवसर को और विशेष बनाने जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से श्रीराम पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही आने वाले श्रध्दालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, बारनवापारा अभ्यारण्य अधीक्षक कुदेरिया, वन विभाग एसडीओ अनिल वर्मा, गोविंद सिंह, जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण सहित आसपास के ग्रामीण एवं अनेक श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में वन विभाग विशेष सहयोग रहा।

## श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर शहर में हुए भजन और भंडारे

**भाटापारा**। श्रीराम जन्मभूमि में नवनिर्मित भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भाटापारा भी रामभक्ति की लहर पर जमकर झुमा। शहर के हर वार्ड में दीपमाला, भजन, आतिशबाजी, भंडारे जैसे आयोजन हुए।

मुख्य आयोजन श्रीराम सप्ताह मंडप में सम्पन्न हुआ। चौबीस घंटे के अंखड रामनाम जाप के बाद सोमवार सुबह हवन-पूजन उपरांत, संगीतमय सुंदर कांड समिति द्वारा श्रीराम राज्याभिषेक की प्रस्तुति की गई। सुबह से शाम तक श्री महासती मंदिर सेवा समिति द्वारा भंडारा रखा गया। पोहा, मुरमुरा संघ की तरफ से पोहा, जलेबी बांटी गई। दोपहर में सामाजिक संस्था उत्तरायण द्वारा गोदान कार्यक्रम रखा गया एवं संध्या 5100 दीप प्रज्ज्वलित किये गए। दोपहर 2 बजे से भगवान श्रीराम की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण को निकली, जिसमें हजारों रामभक्त जयघोष व हर्षोल्लास व्यक्त करते शामिल हुए। शोभायात्रा में संबलपुर से आये बैंड, डिजे, धुमाल पार्टी, श्रीराम दरबार की मनोरम झांकी, महाबली हनुमान के रथ के साथ भारी संख्या में युवक युवतियों का जोश व नारेबाजी, नगरवासियों द्वारा जगह जगह पुष्पवर्षा, आरती, जलपान आदी की व्यवस्था की गई। मुस्लिम समाज, पंजाबी समाज के साथ ही अनेक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया।

### श्री सत्यनारायण धर्मशाला में हुआ अन्नकूट का आयोजन



### अभिनंदन समारोह हुआ

रात 8 बजे शोभायात्रा मंडप पहुंचने के बाद, तीन दशक पूर्व नगर से अयोध्या कारसेवा में शामिल हुए रामभक्तों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इसमें आयोजन समिति के सदस्य अभिषेक उपाध्याय (बंटी) ने कहा कि भाटापारा 85 वर्षों से अपने भाचा के नाम का पाठ करते आ रहा है, इसलिए भाटापारा वासियों के लिए यह दोगुनी खुशी का समय है। आयोजन में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जो स्वयं 1990 में कार सेवक रहे। उन्होंने कार सेवकों के संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया एवं अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की और क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

### आतिशबाजी से रौशन हुआ आसमां

देर रात तक भव्य आतिशबाजी से आसमान रौशन रहा। मंगलवार को श्री सत्यनारायण धर्मशाला में अन्नकूट का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विधायक इंद्र साव भी शामिल हुए। आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित करने में प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने भी अपनी माहिती भूमिका निभाई।

## मोहरा में निकाली शोभायात्रा, गूंजे जय श्रीराम के नारे



**हिरमी-रावन**। ग्राम मोहरा में भगवान श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया और जगह-जगह प्रसाद वितरण कर श्रीराम के जयकारे लगाते शोभायात्रा निकाली गई। इसमें ग्रामीणों ने चढ़ बढ़कर हिस्सा लिया और पूरे भक्ति में हो गए। सुबह से लेकर शाम तक यह सिलसिला चलते रहा। सर्वप्रथम गांव के गुड्डी चौक, मोहरा हनुमान मंदिर में पूजा एवं चोला चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके लिए गांव की गलियों को भगवा रंग से सजाया गया था। जगह-जगह झंडे लगाए गए थे। शोभायात्रा बसस्टैंड, शिशु मंदिर, शारदा चौक, लीला चौक, गुड़ी चौक, महामाया चौक, राम नगर से होते हुये गुड़ीचौक पर समापन हुई।

## श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर धनसीर में निकाली कलश यात्रा



**बिलाईगढ़**। अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व सभी घर-घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत एवं राम मंदिर की तस्वीर वितरित किया गया। पदमा जनक साहू सरपंच ग्राम पंचायत धनसीर एवं धनेश कुमार साहू के नेतृत्व में ग्राम धनसीर में भव्य शोभा यात्राा एवं कलश यात्र का आयोजन किया गया। कलश यात्रा गायत्री मंदिर, प्रज्ञा चौक से प्रारंभ होकर ग्राम के प्रमुख गलियों से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल प्रज्ञा चौक तक पहुंची। रामायण कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से आरंभ होकर शाम 6 बजे तक भक्तिमय संगीत एवं भजन के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र भगवान के जीवन चरित्र का गुणगान कर रामायण पाठ किया गया। लोगों का उत्साह जय श्रीराम के नारों से पूरा ग्राम गुंजायमान होता रहा। शोभा यात्रा में कलश यात्रा सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। विशाल कलश यात्रा में भगवान श्रीराम की झांकियां और हनुमान के स्वरूपों ने पूरे ग्राम में धूम मचाने का काम किया। विशाल शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा के दौरान महिलाएं एवं पुरुष नाचते एवं गाते हुए ग्राम में भ्रमण करते हुए जश्न मनाए। पूरे गांव में रंगोली से गलियों एवं द्वार को सजाकर कलश स्थापित कर दीपावली की तरह दीपक जलाकर एवं फटाका फोड़कर भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आनंद लिए। खीर प्रसाद तथा दोपहर व संध्या को भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सबका सहयोग सराहनीय रहा।

### कलेक्टर चौहान ने श्रीराम मंदिर में पूजा की और रंगोली का अवलोकन किया



**भटगांव**। समाजसेवी सतीश यादव और उनके साथियों के आह्वान पर कलेक्टर केएल चौहान ने सपत्नीक सारंगढ़ के आजाद चौक और खड़गेश्वर नाथ मंदिर परिसर में आर्टिस्ट पिंटू प्रजापति द्वारा बनाए गए रंगोली का अवलोकन किया। बहुत सुंदर रंगोली बनाने के लिए श्री चौहान ने आर्टिस्ट पिंटू की तारीफ की और पिंटू से मिलकर बधाई दी। कलेक्टर श्री चौहान ने खड़गेश्वर नाथ मंदिर परिसर के श्री रामचंद्र और हनुमानजी के मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ साथ रानीसागर के श्री राम मंदिर में कलेक्टर ने पूजा की और रंगोली का अवलोकन किया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चे भगवान श्रीराम सीता, लक्ष्मण, हनुमान और माता शबरी के वेशभूषा में थे। कलेक्टर श्री चौहान ने बच्चों की तारीफ की। इस अवसर पर सतीश यादव, ईशान यादव, जीतेश जायसवाल, किशन गुप्ता, जूली ठाकुर, राजेश जायसवाल, अमित सारथी, जुगल केशरवानी, आशुतोष गोस्वामी, आर्टिस्ट पिंटू प्रजापति उपस्थित थे।




